<u>तेलंगाना दिवस के अवसर पर माननीय राज्यपाल महोदय के सम्बोधन हेतु बिन्दु</u>

<u>दिनांक : 02 जून 2023</u>

<u>राज भवन, नैनीताल</u>

प्रिय तेलंगाना निवासियों और मेरे प्यारे साथियों,

1. नमस्ते और तेलंगाना दिवस की शुभकामनाएं। आज हम खुशी के साथ इस ऐतिहासिक दिन में तेलंगाना राज्य के स्थापना दिवस को मना रहे हैं।
2. आज ही के दिन 2014 में एक लंबे संघर्ष के बाद तेलंगाना प्रदेश, देश के 28वे राज्य के रूप में अस्तित्व में आया।
3. जब तेलंगाना एक नया राज्य बना था, तो तेलंगाना वासियों ने एक नया संकल्प लिया था - विकास और प्रगति की ओर अग्रसर होने का संकल्प। आप सबने अपने अद्वितीय ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोए और मजबूत किया है, साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बनाई है।
4. तेलंगाना दिवस एक उत्सव है, जो हमें याद दिलाता है कि संघर्ष और कठिनाइयों के बावजूद हम सदैव आगे बढ़ते रहना चाहिए। तेलंगाना के लोगों ने अपार संघर्ष किया है और हमारे राज्य को एक उच्चतम स्थान पर ले जाने के लिए कठिनाइयों का सामना किया है। आज आपके राज्य की खुशहाली और समृद्धि के लिए इस उपलब्धि का श्रेय तेलंगाना के लोगों को जाता है, जो हमेशा से अपने सपनों को पूरा करने के लिए समर्पित रहे हैं।

5. कृषि के क्षेत्र में तेलंगाना द्वारा हासिल की गई प्रगति पूरे देश के लिए आदर्श है, वास्तव में तेलंगाना भारत के हरित वैभव के रूप में उभर है इसके लिए आप सब बधाई के पात्र हैं।

6. उत्तराखण्ड और तेलंगाना राज्य की सबसे बड़ी समानता यही है कि दोनों राज्य एक लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद अस्तित्व में आए, और साथ ही यहाँ के लोगों के मजबूत संकल्प के बाद निरंतर प्रगति के रूप में अग्रसर हैं।
7. मेरे प्यारे साथियों, आज मुझे आपके मध्य आकार गर्व महसूस हो रहा है, और साथ ही मुझे बेहद खुशी है कि आपने अपनी उच्च शिक्षा की प्राप्ति के लिए उत्तराखण्ड को चुना है। हमारी सरकार ने राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बहुत सारे प्रगतिशील कदम उठाए हैं। हमारे युवा ताकत हैं, हमारे किसान अन्नदाता हैं, हमारी महिलाएं सशक्त हैं, और हमारा संघर्ष हमारी प्रगति का सबूत है।
8. आप एक विद्यार्थी के रूप में यहाँ हैं, आप अपने परिवार जनों को भी उत्तराखण्ड बुलाईए, उन्हे उत्तराखण्ड घुमाइए, उत्तराखण्ड देवभूमि है, यहाँ स्वयं भगवान शंकर का वास है, चार धाम और मानसखण्ड यहाँ की दिव्यता और भव्यता का प्रतीक हैं।
9. वास्तव में जब हमारे राज्य में चार धाम यात्रा का समय होता है तो यहाँ आपको "मिनी भारत" के भी दर्शन हो सकते हैं, यहाँ आने वाले प्रत्येक सैलानी और श्रद्धालु हमारे ब्रांड एम्बेसडर की तरह है।

10. आज हमें यह समझना होगा कि हम एक विकसित और समृद्ध देश का निर्माण कर रहे हैं। हमें लोकतंत्र की अद्वितीयता को समझना होगा, और न्याय, स्वतंत्रता, और सामाजिक समावेश के मूल्यों को समर्पित रहना होगा।

11. हम सब जानते हैं कि भारत इस वर्ष G-20 की अध्यक्षता कर रहा है और पूरा देश G-20 को एक उत्सव के रूप में मना रहा है। इस अवसर ने भारत को वैश्विक मंच पर और मजबूती से स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उत्तराखण्ड को भी तीन बैठकों की मेजबानी मिली, जिसमे पहली बैठक रामनगर में सफलतापूर्वक समापन्न हो चुकी है, दूसरी बैठक 25 से 27 मई को और तीसरी बैठक जून में सम्पन्न होगी, मैं चाहता हूँ आप इन G20 से संबंधित कार्यों, विभिन्न माध्यमों में आ रहे लेख और आर्टिकल की study करें, आप सभी के लिए ये एक केस स्टडी के समान होगा, आगे चलकर भविष्य में ऐसे आयोजन सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी आपके कंधों पर होगी तब आपकी ये रिसर्च, ये केस स्टडी आपके बहुत काम आएगी।

12. अनेकता में एकता ही भारत देश की विशेषता है, एक बार पुनः सभी को तेलंगाना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

जय हिन्द!